सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 07 | इंदौर, शनिवार 19 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## रूस से दोस्ती तोड़ दो...

### ऐसा चाहने वाला कौन होता है अमेरिका, भारत ने खींच दी लक्ष्मणरेखा




**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध की आड़ में भारत पर निशाना साधा है और खुली धमकी भी दे डाली है। व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि प्रेसीडेंट ट्रंप चाहते हैं कि जो देश रूस से तेल खरीदेंगे, उन पर पाबंदी लगाई जा सकती है। इससे पहले अमेरिका की अगुवाई वाले सैन्य गठबंधन नाटो यानी नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन (NATO) के महासचिव मार्क रुट ने भारत, ब्राजील और चीन को खुली धमकी दे डाली थी। इससे पहले भारत ने अपना रुख एकदम साफ कर दिया था। भारत ने कहा था कि इस मामले में दोहरा मापदंड नहीं चलेगा। रूस ने हमेशा से ही भारत का साथ दिया है। वह आजादी के समय से ही भारत का साथ देता है। भारत के विकास में रूस का काफी योगदान है। आइए-समझते हैं।

### भारत ने कहा-दोहरा मापदंड नहीं चलेगा, हमें कोई टेंशन नहीं

इन धमकियों पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारे लोगों के लिए ऊर्जा की जरूरतें पूरी करना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हमें इस मामले में किसी भी तरह के दोहरे मापदंड से बचना चाहिए। वहीं, केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध संघर्ष और मध्य-पूर्व में तनाव जैसे वैश्विक भू-राजनीतिक व्यवधानों के बीच भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा की जरूरतों को देखते हुए सक्रिय रूप से कच्चे तेल के आयात स्रोतों को 27 देशों से बढ़ाकर 40 देशों तक कर दिया है। इसीलिए रूस पर पाबंदी जैसी किसी कार्रवाई से हम चिंतित नहीं हैं।

### रूस तो फाइटर भी दे रहा है और सोर्स कोड भी

WIKIPEDIA के अनुसार, रूस यानी पूर्व सोवियत संघ भारत की स्वतंत्रता के समय से कई मौकों पर भारत के लिए मददगार रहा है। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में सोवियत संघ ने भारत का समर्थन किया था, जिससे भारत की स्थिति मजबूत हुई थी। साथ ही शीत युद्ध के दौरान सोवियत संघ भारत का एक प्रमुख हथियार आपूर्तिकर्ता देश था। इससे भारत को अपनी सैन्य क्षमताओं को विकसित करने में मदद मिली। जबकि इन दोनों ही मौकों पर अमेरिका ने पाकिस्तान का साथ दिया था। ये भारत को भूलना नहीं चाहिए। इसीलिए आज भी भारत अमेरिका के मुकाबले रूस पर ज्यादा भरोसा करता है। हाल ही में रूस ने अपना SU-57 फाइटर जेट देने की पेशकश भी की है और उसका सोर्स कोड भी। वहीं, अमेरिका और फ्रांस कभी भी अपना इंजन और सोर्स कोड देने से कतराते रहे हैं।

**CM की दिग्गजों से वन-टू-वन मुलाकात**

# टेक्नोलॉजी, टेक्सटाइल से लेकर औद्योगिक ट्रांसफॉर्मेशन पर हुई चर्चा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बार्सिलोना प्रवास के तीसरे दिन विश्व की अग्रणी कंपनियों के शीर्ष पदाधिकारियों से वन-टू-वन मुलाकात कर मध्यप्रदेश में निवेश, तकनीकी सहयोग और रोजगार के नए अवसरों को लेकर विस्तृत चर्चा की। सेनेटरीवेयर, वस्त्र, स्वास्थ्य सेवाएं, डाटा सेंटर, एनीमेशन, ब्रांडिंग और मीडिया नीति जैसे विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी वैश्विक कंपनियों ने मध्यप्रदेश में निवेशकों की संभावनाओं को लेकर गंभीर रुचि प्रदर्शित की। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले स्पेन की अग्रणी सेनेटरीवेयर कंपनी रॉका ग्रुप (Roca Group) के कॉर्पोरेट संचालन निदेशक पाउ अबेलो से भेंट की। इस दौरान देवास स्थित कंपनी की इकाई 'रॉका बाथरूम प्रॉडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड' (Roca Bathroom Products Pvt. Ltd.) द्वारा किए गए 164.03 करोड़ के निवेश और 445 लोगों को दिए गए रोजगार पर संतोष व्यक्त किया गया। कंपनी ने मध्यप्रदेश में अपनी इकाई के विस्तार और विविधीकरण की योजना भी साझा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की वस्त्र क्षेत्र की प्रमुख कंपनी हेलोटेक्स ग्रुप (Helotex Group) के मालिक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जोर्डी बोनारो ट्रियोलार्ट से भेंट हुई। कंपनी पहले से ही इंदौर स्थित 'प्रतिभा सिंटेक्स लिमिटेड' (Pratibha Syntex Ltd.) के साथ साझेदारी में कार्यरत है। बैठक में वस्त्र उद्योग के विस्तार और निवेश प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाने पर चर्चा हुई। अमेक (Association Multisectorial de AMEC) के निदेशक एलेजांद्रो गैलेगो अल्काइडे से मुलाकात में राज्य की वैश्विक ब्रांडिंग, मीडिया एनालिटिक्स, एआई आधारित संचार रणनीतियों और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मध्यप्रदेश की पहचान को सशक्त करने की दिशा में सहयोग की सहमति बनी।



एसएसएल-कोटिंग्स (पावर सॉइल) के प्रतिनिधि जीफ विशेप के साथ हुई बैठक में टिकाऊ सड़क निर्माण तकनीक "टेरा-3000" के उपयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई, जो विशेष रूप से ग्रामीण सड़कों, नींव और सख्त मिट्टी में उपयोगी है। इस समाधान के माध्यम से पारंपरिक निर्माण सामग्रियों की आवश्यकता समाप्त हो जाती है और पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित होता है। सोगो समूह के सतीश रायसिंघानी के साथ बातचीत में भारत और विशेष रूप से मध्यप्रदेश में एसओजीओ ब्रांड के उत्पादों के विस्तार की संभावनाएं तलाशी गईं। एसओजीओ घरेलू उपकरणों और इलेक्ट्रॉनिक्स का एक मजबूत यूरोपीय ब्रांड है, जो भारतीय उपभोक्ताओं को ध्यान में रखते हुए अपने उत्पादों की पहुँच बढ़ाना चाहता है।

सर्विटाइज के सीईओ मार्क विंटर के साथ बैठक में औद्योगिक परामर्श, डिजिटल परिवर्तन और ग्राहक अनुभव आधारित समाधानों पर चर्चा हुई। यह कंपनी सेवा-आधारित व्यापार मॉडल के जरिये उद्यमों की दक्षता बढ़ाने में विशेषज्ञता रखती है और मध्यप्रदेश में MSME सेक्टर को स्मार्ट मॉडल से जोड़ने में रुचि रखती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की नॉर्सेक ग्लोबल के निवेशकों के साथ भी सार्थक चर्चा हुई। स्पोर्ट्सफन टीवी एस.एल. के सह-संस्थापक सिद्धार्थ तिवारी से हुई बैठक में मध्यप्रदेश में फुटबॉल खेल के विकास हेतु प्रतिभा खोज, प्रशिक्षण शिविरों और अकादमियों की स्थापना के माध्यम से सहयोग की संभावनाएँ तलाशी गईं। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी झारखंड सरकार के साथ पहले से इस दिशा में कार्यरत है।

◆ **मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बार्सिलोना में दिया निवेश का आमंत्रण**

## नया ग्लोबल ग्रोथ इंजन बन रहा मध्यप्रदेश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि निवेशकों की जरूरतों को हम अच्छी तरह से जानते हैं। निवेशकों को प्रॉपर्ली फेसिलिटेट करना ही हमारी नीति है। हमारी डेडिकेटेड इन्वेस्टर्स फ्रेंडली 18 औद्योगिक नीतियों के जरिए हमने सबके लिए निवेश के द्वार खोल दिए हैं। मध्यप्रदेश आईए, हमारी नीतियों और उपलब्धियों का अवलोकन कीजिए और निवेश कीजिए। उन्होंने कहा कि भारत और स्पेन के बीच पुराने संबंध हैं। हम उन्हीं संबंधों को और भी प्रगाढ़ करने यहां आए हैं। हम यहां से सिर्फ निवेश नहीं, दीर्घ साझेदारी चाहते हैं। हमारी सरकार अगले वर्ष 2026 को भारत-स्पेन सांस्कृतिक सहयोग वर्ष के रूप में मनाएगी। इसके अंतर्गत कला, संस्कृति, साहित्य और फिल्म आधारित कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश और स्पेन के बीच फिल्म को-प्रोडक्शन को बढ़ावा देने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। हमने स्पेन फिल्म आयोग के साथ फिल्म निर्माण के क्षेत्र में सहयोग पर भी चर्चा की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को यूरोप यात्रा के तीसरे दिन बार्सिलोना में इन्वेस्ट इन एमपी बिजनेस फोरम मीट को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन और सबमर टेक्नोलॉजी स्पेन के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिस तरह बार्सिलोना ने नवाचार, संस्कृति और आर्थिक समावेशन के जरिए विकास का अनूठा मॉडल प्रस्तुत किया है, उसी तरह मध्यप्रदेश भी विरासत से विकास की परंपरा को और आगे बढ़ाते हुए अब तेजी से ग्लोबल ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यूरोप को विज़न देने वाले बार्सिलोना को मध्यप्रदेश की ओर से अभिनंदन है। बार्सिलोना नवाचारों और सपनों का शहर है, जिस पर मां सरस्वती की कृपा है।

# कमजोर धाराएं लगाते हैं...गंभीर चोटों को भी मामूली बता दिया जाता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हाई कोर्ट इंदौर ने गंभीर चोट के मामलों में पुलिस की लापरवाही पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने कहा कि पुलिस अधिकारी मारपीट जैसे मामलों में जानबूझकर कमजोर धाराएं लगाते हैं। गंभीर चोटों को भी मामूली बता दिया जाता है। कोर्ट ने डीजीपी को निर्देश दिए कि मारपीट या घायल करने के मामलों में थाने में पीड़ितों के फोटो खींचे जाएं। इससे यह तय होगा कि केस में लगी धाराएं चोट के अनुसार हैं या नहीं।**

जस्टिस सुबोध अभ्यंकर की खंडपीठ ने कहा कि यह मप्र में रेकरिंग पैटर्न बन गया है। ऐसे मामलों में जांच ठीक से नहीं होती। उन्होंने कहा कि पुलिस और डॉक्टर दोनों को यह सुनिश्चित करना होगा कि घायल की तस्वीरें ली जाएं। ताकि साक्ष्य स्पष्ट हों और कोर्ट को सही जानकारी मिल सके। यह आदेश हाल ही में उस मामले में आया, जिसमें शीतू नामक आरोपी पर केस दर्ज हुआ था। उस पर शिकायतकर्ता को गंभीर चोट पहुंचाने का आरोप था, लेकिन पुलिस ने मामूली धाराएं लगाईं। पुलिस ने यह कहकर सफाई दी कि रात का समय था, इसलिए शिकायतकर्ता को सीधे अस्पताल ले जाया गया और फोटो नहीं लिए जा सके। कोर्ट ने पुलिस की रिपोर्ट का अवलोकन किया और पाया कि यह विरोधाभासी है। एक ओर तो मामला मामूली धाराओं में दर्ज है। दूसरी ओर स्वीकार किया गया कि घायलों को गंभीर चोटें आई थीं। यह न्यायालय राज्यभर में पुलिस द्वारा अपनाए जा रहे ऐसे आवर्ती पैटर्न को नजरअंदाज नहीं कर सकता। हाई कोर्ट ने कहा इस तरह की कार्यवाही जान-बूझकर की जाती है, ताकि मुकदमे के शुरुआती चरण में आरोपियों को जमानत का अनुचित लाभ मिल सके।

यूं ही नहीं आठवीं बार नंबर एक बना

# कचरे की 6 कैटेगिरी फिर उससे कमाई

# 3 शिफ्ट में दिन-रात काम करते सफाई मित्र...

## कचरे से बन रही सस्ती बायो सीएनजी, फर्राटे भरती हैं सिटी बस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्यप्रदेश का इंदौर शहर लगातार आठवीं बार भारत का सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया है। 2016 में स्वच्छता सर्वे शुरू होने के बाद से इंदौर ने भारत की क्लीनेस्ट सिटी नंबर एक स्थान प्राप्त किया है। इंदौर नगर निगम डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, कचरे को छह श्रेणियों में अलग करने, बायो-सीएनजी संयंत्र चलाने और सीवेज के पानी को दोबारा इस्तेमाल करने जैसे उपायों से कचरा प्रबंधन करता है।**




इंदौर शहर, जिसे मध्य प्रदेश की वाणिज्यिक राजधानी भी कहा जाता है, की आबादी लगभग 35 लाख है। यहां से प्रतिदिन 1900 टन कचरा निकलता है। शहर में रोजाना 1200 टन सूखा कचरा और 700 टन गीला कचरा निकलता है। इंदौर नगर निगम ने 2015 में दो वार्डों में पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर डोर-टू-डोर (घर-घर जाकर) कचरा संग्रह करना शुरू किया था। 2016 के अंत तक नगर निगम ने डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के शत-प्रतिशत आंकड़े को छू लिया था। जहां एक ओर देश में अधिकांश स्थानों पर वहां के कचरे को दो श्रेणियों (गीले और सूखे कचरे) में अलग किया जाता है, वहीं इंदौर में कचरे को एक कलेक्शन पॉइन्ट पर छह श्रेणियों में अलग किया जाता है। इंदौर नगर निगम के पास 850 से ज्यादा वाहन हैं जो घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा इकट्ठा करते हैं और इसे छह श्रेणियों में अलग करते हैं। जिन छह श्रेणियों में अपशिष्ट या कचरे को अलग किया जाता है।

### वे इस प्रकार हैं

गीला कचरा, इलेक्ट्रॉनिक्स कचरा, प्लास्टिक कचरा, नॉन-प्लास्टिक कचरा, बायोमेडिकल अपशिष्ट और खतरनाक अपशिष्ट। कचरा संग्रहण के लिए जिन वाहनों का उपयोग किया जाता है, उनमें अलग-अलग प्रकार के कचरे के लिए अलग-अलग कंपार्टमेंट (डिब्बे) निर्धारित किए गए हैं। उदाहरण के लिए इस्तेमाल करने के बाद फेंके गए सेनेटरी पैड को एक अलग कचरे के डिब्बे में डाला जाता है। इंदौर शहर को साफ रखने में लगभग 8,500 से ज्यादा सफाई मित्र (स्वच्छता कर्मचारी) अपना अहम योगदान देते हैं। ये कर्मचारी तीन शिफ्ट में रात-दिन काम करते हैं। इंदौर शहर की अपशिष्ट निपटान प्रक्रिया (वेस्ट डिस्पोजल प्रोसेस) का सबसे प्रमुख बिंदु एक बायो-सीएनजी संयंत्र है, जोकि शहर भर से एकत्र किए गए गीले कचरे पर चलता है। शहर के अधिकारियों द्वारा इसे एशिया का सबसे बड़ा प्लांट कहा जाता है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने ही इंदौर के देवगुराड़िया ट्रेंचिंग ग्राउंड में 150 करोड़ रुपये की लागत से बने 550 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाले संयंत्र का उद्घाटन किया था। इस प्लांट से 17,000 से 18,000 किलोग्राम बायो-सीएनजी और 10 टन जैविक खाद पैदा हो सकती है। अधिकारियों के अनुसार इस संयंत्र में बनी बायो-सीएनजी से 150 सिटी बसें चलाई जा रही हैं। यहां की सीएनजी कमर्शियल सीएनजी से 5 रुपये सस्ती है।

### कचरे से कमाई करने वाला शहर

इस (इंदौर) नगरीय निकाय को पिछले वित्तीय वर्ष में कचरे के निपटान से करीब 14.45 करोड़ रुपये की आय हुई थी। इस आय में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कार्बन क्रेडिट बेचने से मिले 8.5 करोड़ रुपये और बायो-सीएनजी संयंत्र को कचरा मुहैया कराने के बदले निजी कम्पनी द्वारा दिया जाने वाला 2.52 करोड़ रुपये का सालाना प्रीमियम शामिल है। शहर में निकलने वाले सीवेज या गंदे पानी को विशेष संयंत्रों में उपचारित (ट्रीटमेंट) किया जाता है और 200 सार्वजनिक बगीचों के साथ ही खेतों और निर्माण गतिविधियों में इसका दोबारा इस्तेमाल किया जा रहा है। इंदौर को भारत के पहले सेवन स्टार (सात सितारा) कचरा मुक्त शहर का गौरव भी प्राप्त है।

# इंदौर में जन्मा प्रदेश का सबसे वजनी बच्चा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शुक्रवार को इंदौर में औसत से काफी बड़ा और वजनी नवजात ने जन्म लिया। खास बात यह कि नवजात (लड़की) का वजन 5.43 किलो है। यह मध्य प्रदेश के किसी भी सरकारी अस्पताल में अब तक जन्म लेने वाला सबसे वजनी नवजात है। 24 वर्षीय मां का वजन 90 किलो है और उसे हाई ब्लड प्रेशर सहित कई तकलीफें हैं। डॉक्टरों ने नॉर्मल डिलीवरी कराना असंभव बताया और सिजेरियन से डिलीवरी कराई गई। बच्ची और मां दोनों स्वस्थ हैं। यह डिलीवरी सरकारी पीसी सेठी अस्पताल में शुक्रवार को कराई गई। महिला का नाम रीता पति नंदकिशोर (24) है जिसने इस नवजात को जन्म दिया। महिला को हाई ब्लड प्रेशर के अलावा प्री-एक्लेम्पसिया,शरीर में सूजन सहित अन्य परेशानियां है। डॉ. कोमल विजयवर्गीय (गायनोकोलॉजिस्ट) ने बताया। यह एक अत्यंत जटिल और हायर रिस्क केस था। अभी बच्ची की पल्स और ब्लड प्रेशर की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। मां और बच्ची दोनों स्थिर हैं और जल्द ही डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। इस सर्जरी में एनेस्थीसिया एक्सपर्ट डॉ. सुनीता भटनागर की भी खास भूमिका रही। अस्पताल के डॉक्टरों के मुताबिक इससे पहले मप्र में 2021 में मंडला 5.1 किलो वजनी बच्चा जन्म था। इंदौर में हुई इस डिलीवरी ने सरकारी अस्पताल में मंडला के बच्चे का रिकॉर्ड तोड़ा है।

# BJP विधायक बोलीं-छांगुर बाबा के प्रजनांग काट देना चाहिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। महू से भाजपा विधायक उषा ठाकुर ने उत्तर प्रदेश में धर्मांतरण रैकेट के आरोप में गिरफ्तार छांगुर बाबा पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आरोपी के हाथ-पैर काट देने चाहिए। इनके प्रजनांग भी काटने चाहिए। इतनी सख्त सजा दी जानी चाहिए कि कोई फिर ऐसा दुस्साहस न करे।**



विधायक ने कहा कि जब तक इतनी सख्ती नहीं की जाएगी, तब तक ऐसे अपराध बंद नहीं होंगे। ऐसे नर पिशाच बेटियों की जिंदगी को बर्बाद कर रहे हैं, ये भारतीय संविधान को ताक में रखते हैं। विधायक उषा ठाकुर गुरुवार को एक बैठक में शामिल होने कलेक्टर कार्यालय आई थी। मीडिया के सवाल पर उन्होंने छांगुर बाबा को लेकर ये बातें कही। उषा ठाकुर ने लोगों से सतर्क रहने और ऐसे धोखेबाज लोगों के बहकावे में न आने की अपील की, जो आस्था के नाम पर जिंदगियां बर्बाद कर रहे हैं। विधायक उषा ठाकुर ने कहा- यूपी में एक छांगुर बाबा को पकड़ा गया है। हर वार्ड और विधानसभा क्षेत्र में ऐसे लोग मिलेंगे। नागरिकों को सतर्क रहना चाहिए और ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने भोपाल में हुई लव जिहाद की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि ये भारतीय संविधान नहीं शरीयत को मानते हैं। ये लोग भारत के संविधान को नहीं मानते। ये कहते हैं कि वे अपनी 'शरीयत' मानते हैं। तो फिर सजा भी वैसी ही मिलनी चाहिए, इतनी कठोर कि वह एक उदाहरण बन जाए।

# ई-रिक्शों का किराया तय, 2 किलोमीटर तक 10 रुपए प्रति यात्री किराया, उसके बाद 5 रुपए/किमी फिक्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में 4+1 या इससे अधिक की क्षमता के संचालित ई-रिक्शा के किरायों की दर तय हो गई है। यह किराया क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार द्वारा जारी आदेश के अनुक्रम में हुआ है। ई-रिक्शा पैसेंजर बैठक क्षमता 4 या इससे अधिक के लिए पहले दो किलोमीटर और उसके भाग के लिए 10 रुपए प्रति यात्री किराया तय किया गया है। इसके बाद यानी 2 किमी के बाद प्रति यात्री प्रत्येक किलोमीटर के लिए 5 रुपए प्रति यात्री किराया निर्धारित किया गया है।



इधर, प्रशासन ने ई रिक्शा की दर जरूर तय कर दी है। लेकिन इनकी बढ़ती संख्या पर अभी तक कोई लगाम कसने के कदम नहीं उठाए है। इंदौर में ई रिक्शा की सुविधा शहरवासियों के लिए अब परेशानी का सबब बन गई है। शहर में ई-रिक्शा की संख्या इतनी तेजी से बढ़ी कि किसी को कुछ समझ ही नहीं आया। राजवाड़ा जैसा सघन क्षेत्र जहां पैदल चलना भी मुश्किल है। करीब छह माह पहले महापौर ने खुद सार्वजनिक रूप से घोषणा की थी कि राजवाड़ा क्षेत्र ई-रिक्शा मुक्त होगा, लेकिन घोषणा भी हवा में उड़ गई और कुछ नहीं हुआ। परिवहन विभाग के अनुसार शहर में वर्तमान में 12 हजार से ज्यादा ई-रिक्शा दौड़ रहे हैं। हाई कोर्ट खुद परिवहन विभाग, जिला प्रशासन और नगर निगम को ई-रिक्शा की वजह से शहरवासियों को हो रही परेशानी को लेकर फटकार लगा चुका है, बावजूद इसके कुछ नहीं हुआ।

# एयरपोर्ट पर घास काटने के लिए 93 लाख का टेंडर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** देवी अहिल्याबाई होलकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, इंदौर पर बारिश के मौसम में ऑपरेशनल एरिया में उगने वाली घास की कटाई के लिए इस बार एयरपोर्ट प्रबंधन 93 लाख रुपए से ज्यादा खर्च करने जा रहा है। इसके लिए बाकायदा टेंडर जारी किया गया है। यह राशि एक साल तक घास काटने के लिए अकुशल श्रमिकों की आपूर्ति पर खर्च होगी।

प्रबंधन ने मैनपावर सप्लायर कंपनियों को आमंत्रित किया है जो रोजाना लगभग 20 श्रमिक उपलब्ध करवाएंगी। इस टेंडर की अनुमानित लागत 93.32 लाख रुपए है, जबकि पिछले वर्ष इसी कार्य के लिए 70 लाख का टेंडर निकाला गया था। यह टेंडर 4 अगस्त को खोला जाएगा और न्यूनतम दर पर पात्र कंपनी को ठेका दिया जाएगा।पूर्व में एयरपोर्ट डायरेक्टर रही अर्यमा सान्याल ने एक आधुनिक घास काटने की मशीन मंगवाई थी, जो तेजी से घास काटकर उसके गट्ठर बना देती थी। करीब 700 एकड़ के क्षेत्र में फैली घास को एक माह में साफ कर दिया जाता था। यह घास लगभग 1800 टन होती थी, जिसे नगर निगम के माध्यम से चिड़ियाघर में शाकाहारी जानवरों के लिए भेजा जाता था। अब मशीन के उपयोग की बजाय हर साल नए सिरे से श्रमिकों पर लाखों खर्च किए जा रहे हैं, जिससे न केवल लागत बढ़ी है बल्कि जानवरों तक घास पहुंचना भी बंद हो गया है। 700 एकड़ के खुले ऑपरेशनल क्षेत्र में बारिश के दौरान तेजी से घास उगती है। इससे छोटे जानवरों के छिपने का खतरा रहता है, जो रनवे पर आ सकते हैं। कुछ साल पहले एक सियार विमान के पहिए से टकरा गया था। ऐसे हादसों से बचाव के लिए नियमित रूप से घास कटाई जरूरी है। शुक्रवार सुबह एयर इंडिया एक्सप्रेस की इंदौर-बेंगलुरु फ्लाइट को निरस्त कर दिया गया, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी हुई। यह उड़ान सुबह 9:20 बजे इंदौर पहुंचकर 9:50 बजे वापस बेंगलुरु जाती है, लेकिन एयरलाइन ने ऑपरेशनल कारणों का हवाला देते हुए सेवा निरस्त कर दी। हालांकि एयरलाइन का दावा है कि यात्रियों को पहले ही सूचना दी गई थी, लेकिन कई यात्री जानकारी के अभाव में एयरपोर्ट पहुंचे और फ्लाइट रद्द होने पर नाराज होकर हंगामा भी किया। गुरुवार रात एलायंस एयर की दिल्ली से इंदौर आने वाली फ्लाइट निर्धारित समय 7:40 बजे के बजाय 10:30 बजे पहुंची। तकनीकी खराबी के चलते यह देरी हुई। विमान 11:05 बजे इंदौर से दिल्ली रवाना हुआ।




## चोइथराम मंडी में सब्जी विक्रेता की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** चोइथराम फूल मंडी में शुक्रवार शाम एक सब्जी विक्रेता की डंडे और रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। तीन से चार हमलावरों ने मंडी के अंदर ही उस पर हमला किया और मौके से फरार हो गए। राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान विष्णु उर्फ चंपू पंवार (पुत्र अमन पंवार, निवासी गड़बड़ी पुलिया) के रूप में हुई है। वह मंडी में सब्जी बेचने का काम करता था। शाम के समय उसके ऊपर अचानक कुछ बदमाशों ने डंडे और रॉड से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल विष्णु को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में स्क्रैप का काम करने वाले व्यापारी गुरु (पुत्र विजय) ने दो आरोपियों की पहचान की है। उसने बताया कि घटना के वक्त दो युवक चंपू को मारकर भागते हुए देखे गए थे। चंपू मंडी में हम्माली का काम भी करता था और घायल हालत में उसे सबसे पहले वही उठाकर अस्पताल ले गया। मृतक के पिता ने बताया कि उनका बेटा रोज की तरह सुबह काम पर गया था। मारने वाले मंडी में काम करने वाले ही लड़के हैं, जिन्हें चंपू पहचानता था। उसका एक और बेटा भी मंडी में काम करता है, लेकिन घटना के समय वह वहां मौजूद नहीं था।

## एग्जाम से पहले छात्रा का दर्दनाक कदम... फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। द्वारकापुरी क्षेत्र में एक छात्रा ने सुसाइड कर लिया। छात्रा का नाम पलक पाठक (21) है। वह श्रद्धा सबूरी कॉलोनी की रहने वाली थी। शुक्रवार सुबह उसके पिता ने छात्रा का शव फंदे पर लटका देखा।**

सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शव को पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। द्वारकापुरी थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि पलक पाठक निजी कॉलेज से बीए कम्युनिकेशन की पढ़ाई कर रही थी। पलक के पिता शैलेन्द्र पाठक ने सुबह करीब 8 बजे पुलिस को सूचना दी कि उनकी बेटी ने खुदकुशी कर ली है। पलक की आज परीक्षा थी। उसके पिता ने पहले फोन लगाया और फिर कमरे का दरवाजा खटखटाया पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो कमरे में झांककर देखा। पलक फंदे पर लटकी दिखी तो दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि छात्रा के हाल ही में दो पेपर खराब हुए थे, जिससे वह तनाव में थी। पिता ने उसे पढ़ाई पर ध्यान देने की समझाइश दी थी। आशंका है कि इसी बात से आहत होकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने वह कमरा सील कर दिया है, जहां पलक ने फांसी लगाई थी। पलक के परिचितों ने भी बताया कि वह पिछले कुछ समय से तनाव में थी। पुलिस अब कॉलेज और दोस्तों से भी पूछताछ कर रही है ताकि आत्महत्या की वजह स्पष्ट हो सके। पलक के पिता शैलेंद्र पाठक पंडिताई करते हैं। पलक उनकी सबसे बड़ी बेटी थी। उन्होंने बताया कि वे सुबह छोटे बेटे और बेटी को कॉलेज छोड़ने गए थे। लौटकर आए और पलक को आवाज दी। क्योंकि उसकी आज परीक्षा थी। जवाब नहीं आया तो ऊपर जाकर कमरे का दरवाजा खटखटाया। पाठक ने बताया कि गुरुवार रात 11 बजे सभी ने साथ में खाना खाया था और फिर सोने चले गए।



## फर्जी दस्तावेजों से खोले अकाउंट युवती बैंक पहुंची तो सामने आई ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हीरानगर थाना पुलिस ने निजी कंपनी में काम करने वाली एक युवती की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक खाता खोलने का केस दर्ज किया है। मामला तब सामने आया जब युवती अपनी बहन के साथ कोटक महिंद्रा बैंक में नया अकाउंट खोलने पहुंची, लेकिन बैंक अधिकारी ने बताया कि उनके नाम से पहले से खाते खुले हुए हैं और उनमें लेनदेन भी हो चुका है।**

हीरानगर पुलिस के अनुसार, वीणा कॉलोनी निवासी प्रतिष्ठा शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह विजयनगर क्षेत्र स्थित एक निजी कंपनी में एचआर विभाग में कार्यरत हैं। 8 जुलाई 2025 को वह अपनी बहन निष्ठा शर्मा के साथ विजयनगर स्थित कोटक महिंद्रा बैंक की शाखा में नया अकाउंट खोलने पहुंचीं। दोनों ने आवश्यक दस्तावेज जमा किए, लेकिन बैंक अधिकारी ने बताया कि उनके नाम से पहले ही खाते खुले हुए हैं। एक खाता बंगाली और दूसरा पालदा क्षेत्र की शाखा में पाया गया। जब बैंक से पूरी जानकारी निकाली गई, तो सामने आया कि दोनों बहनों के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खाते खोले गए थे। इन खातों में केवाईसी में पैन कार्ड और अन्य दस्तावेज लगाए गए थे। इतना ही नहीं, इन खातों से अन्य जिलों में भी पुलिस शिकायतें दर्ज होने की जानकारी मिली है। कुछ मामलों में फर्जी ट्रांजैक्शनों के बाद खातों से ऑनलाइन पैसा भी निकाला गया है। जांच के दौरान पीड़िता ने अपने भाई क्रिश और बहन प्रज्ञा के नाम से भी बैंक खातों की जानकारी मांगी। बैंक ने पुष्टि की कि उनके नाम से भी कोटक महिंद्रा बैंक की सपना संगीता और एमजी रोड ब्रांच में खाते खुले हुए हैं। इस पूरे मामले की जानकारी पीड़ितों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी। गुरुवार को पुलिस ने दोनों बहनों को थाने बुलाकर एफआईआर दर्ज की। फिलहाल पुलिस बैंक से संबंधित सभी खातों की जानकारी जुटा रही है और अज्ञात आरोपी की तलाश की जा रही है।

### तेज रफ्तार बस ने मारी टक्कर, एग्जाम देने आ रहे छात्र की मौत

**इंदौर।** खुड़ैल में रहने वाले एक छात्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह गुरुवार दोपहर को एग्जाम देने के लिए कॉलेज जा रहा था। आठ मील के पास उसे एक तेज रफ्तार बस ने पीछे से टक्कर मार दी। घायल छात्र को पहले एक निजी अस्पताल ले जाया गया, इसके बाद एम.वाय. अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। खुड़ैल पुलिस के अनुसार, यह घटना आठ मील के रास्ते पर हुई। गौरव (20), पुत्र लाड़ सिंह तंवर, निवासी ग्राम सोमगुड़ाडिया, बाइक से गुजराती कॉलेज में परीक्षा देने जा रहा था। रास्ते में एक तेज रफ्तार बस ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में गौरव के सिर में गंभीर चोट आई, जिसके कारण उसे एंबुलेंस से निजी अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, गौरव बीकॉम फर्स्ट ईयर का छात्र था और उसकी प्री-एग्जाम चल रही थी।

### संस्था "आदित्य"क़े सदस्यों ने किया पौधरोपण ..साथ ही सभी पौधों का ख्याल रखने की भी ली शपथ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सावन माह में जहां पूरी धरती हरियाली की चादर ओढ़े रहती हैं वही पतझड़ में यही हरियाली विरानी हो जाती हैं क्योंकि तेजी से बढ़ती आधुनिकता के चलते जंगल के जंगल कतिपय लोग अपने लालच के कारण साफ कर देते है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण होगा तो धरती का संतुलन बना रहेगा व हरियाली से हर और खुशहाली छाएगी, इसीलिए विभिन्न संस्थाओं द्वारा मानसून के समय ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण के लिये आमजन को प्रोत्साहित किया जाता हैं। ऐसी तारतम्य में सामाजिक संस्था 'आदित्य'के सदस्यों द्वारा भी कल पूरे केट रोड क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया व इन पौधों को वृक्ष बनने तक इनका ख्याल समय पर खाद, पानी देकर रखने की शपथ भी ली गई। इस अवसर पर संस्था क़े संयोजक सचिन नीमा, सचिव रूपेश वर्मा व सदस्य कमल रंघुवंशी, प्रवीण मौर्य, जितेंद वर्मा आदि उपस्थित थे।

## जैन मंदिर से लौट रही बुजुर्ग महिला से ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** द्वारकापुरी इलाके में 70 वर्षीय महिला के साथ ठगी की वारदात सामने आई है। घटना बुधवार को उस वक्त हुई जब महिला जैन मंदिर से दर्शन कर लौट रही थी। ठगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर महिला को झांसे में लिया और उसकी सोने की चेन लेकर फरार हो गए। द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार चंदनबाला वोहरा पत्नी अभय वोहरा निवासी गुमाश्ता नगर, स्कीम नंबर 71 स्थित वैष्णव कॉलेज के सामने से पैदल अपने घर लौट रही थीं। तभी एक लड़का उनके पास आया और पास में बाइक पर बैठे एक व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए कहा कि वह बुला रहे हैं। जब महिला बाइक सवार के पास पहुंची तो उसने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए कहा कि आगे किसी वारदात की सूचना है, इसलिए वह अपनी सोने की चेन बैग में रख लें। चंदनबाला ने वैसा ही किया। बाइक सवार ने यह दिखाने के बहाने कि चेन सुरक्षित है, खुद बैग में हाथ डाला और फिर अपने साथी के साथ बाइक से निकल गया। कुछ देर बाद महिला को शक हुआ और जब बैग देखा तो चेन गायब थी।गुरुवार रात पीड़िता अपने बेटे के साथ थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के CCTV फुटेज खंगाले, जिसमें आरोपी बाइक सवार दिखाई दे रहे हैं। फिलहाल पुलिस की टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं।

# मर्काबार्ना का समग्र मॉडल मध्यप्रदेश के लिए प्रेरणादायक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## कृषि, नवाचार, लॉजिस्टिक्स और निर्यात के क्षेत्र में वैश्विक अनुभवों का अवलोकन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। स्पेन यात्रा का तीसरा दिन- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बार्सिलोना स्थित मर्काबार्ना का समग्र मॉडल मध्यप्रदेश के लिए उपयोगी हो सकता है। मध्यप्रदेश में बढ़ते कृषि उत्पादन को देखते हुए बेहतर 'पोस्ट-हार्वेस्ट मैनेजमेंट' और निर्यात प्रणाली की आवश्यकता है।स्पेन प्रवास के तीसरे दिन मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मर्काबार्ना के भ्रमण के दौरान यह बात कही। यह संस्थान 250 एकड़ में फैला हुआ यूरोप का प्रमुख फूड लॉजिस्टिक्स हब है, जहाँ उत्पादन, भंडारण, प्रोसेसिंग और वितरण की व्यवस्थाएं एकीकृत रूप से संचालित होती हैं।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज मध्यप्रदेश को सिर्फ उत्पादन की नहीं, बल्कि कटाई के बाद मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण, भंडारण, और वैश्विक बाजारों तक पहुँच की भी चुनौती है। इस दिशा में मर्काबार्ना का अनुभव एक मॉडल के रूप में सामने आता है, जिससे प्रेरणा लेकर प्रदेश के खाद्य उत्पादकों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा सकता है। मर्काबार्ना के सीईओ ने मध्यप्रदेश के प्रति रूचि जताई। मर्काबार्ना के सीईओ पाब्लो विल्लानोवा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिवादन करते हुए कहा कि भारत और स्पेन के बीच कृषि लॉजिस्टिक्स, फूड प्रोसेसिंग और मार्केट इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में मजबूत सहयोग की संभावनाएं हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश के प्रति विशेष रुचि और भविष्य में द्विपक्षीय ज्ञान साझेदारी पर सहमति जताई।

**निवेश और साझेदारी के लिए खुला निमंत्रण-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मर्काबार्ना प्रबंधन को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'वसुधैव कुटुंबकम' के मंत्र को आत्मसात करते हुए मध्यप्रदेश वैश्विक साझेदारियों के लिए तैयार है। राज्य सरकार कृषि क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी और तकनीकी निवेश को बढ़ावा भी दे रही है।

**फार्म-टू-फोर्क जैसे मॉडल होंगे लागू-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'फार्म-टू-फोर्क' मॉडल, कोल्ड चेन प्रणाली, गुणवत्ता नियंत्रण, ट्रेसेबिलिटी और खाद्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में मर्काबार्ना द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम प्रक्रियाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में विकसित किए जा रहे मेगा फूड पार्क, एग्रीबिजनेस क्लस्टर और ग्रामीण उद्योग केंद्रों में इन नवाचारों को समाहित किया जाएगा।

### खाद्य अपशिष्ट नियंत्रण और नवाचार के क्षेत्र में भी प्रेरणा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मर्काबार्ना में संचालित फूड बैंक, जीरो वेस्ट मैनेजमेंट प्रणाली और फूड-टेक स्टार्टअप्स के लिए तैयार किए गए इनक्यूबेशन मॉडल का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्थाएं मध्यप्रदेश में नवाचार-आधारित कृषि नीति को मजबूती देंगी।

### निर्यात और वैश्विक पहुंच के लिए ठोस रणनीति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में गेहूं, चावल, फल, सब्जियों और प्रोसेस्ड फूड के निर्यात की असीम संभावनाएं हैं। मर्काबार्ना जैसे केंद्रों से प्रेरणा लेकर मध्यप्रदेश में पोस्ट-हार्वेस्ट लॉस को कम करते हुए अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता के अनुरूप उत्पादों का निर्माण किया जाएगा।

## बारिश से छतरपुर बेहाल, तीन की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर में भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नदी-नाले उफान पर हैं। लोगों के घरों में पानी घुस गया है। कई जगह पुल पुलिया टूटने की वजह से आवाजाही प्रभावित हुई है। कहीं-कहीं तो जलभराव के कारण एंबुलेंस भी पानी में फंस गई। छतरपुर जिले में हो रही भारी बारिश के चलते स्थिति गंभीर हो गई है। शहर के प्रताप सागर तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर आस-पास के इलाकों में लोगों के घरों में पानी भर गया है। इससे लोगों को घरों से बाहर निकलना पड़ा है। छतरपुर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम धामची में उर्मिल नदी के उफान पर आने से लगभग 2000 लोग फंस गए हैं। ग्रामीण छतों पर चढ़कर अपनी जान बचाने की कोशिश कर रहे हैं। गांव का आवागमन पूरी तरह से ठप्प हो गया है और विद्युत लाइन भी ठप हो गई है।



## भोपाल मे सड़क धंसी, सिटी बस के पहिए तीन फिट जमीन में समाए, क्रेन की मदद से बस को खीचा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राजधानी की सड़कों की जर्जर हालत एक बार फिर उजागर हो गई है। एमपी नगर के बाद रायसेन रोड स्थित पटेल नगर में पीडब्ल्यूडी की सड़क में सिटी बस के पहिए धंस गए। करीब 3 फीट तक बस के पहिए सड़क के अंदर समा गए। इससे करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। काफी प्रयास के बाद भी जब के पहिए बाहर नहीं निकले तो क्रेन बुलाना पड़ी। बस के हटते ही ट्रैफिक पुलिस ने खराब हिस्से को कवर करते हुए बैरीकेट्स लगा दिए है।



**एमपी नगर में भी धंसी थी सड़क-** दरअसल दो दिन पहले बोर्ड ऑफिस चौराहा से ज्योति सिनेमा की तरफ जाने वाली सड़क अचानक धंस गई थी। यह हादसा प्रदेशभर में सुर्खियों में बना रहा। हालांकि पीडब्ल्यूडी देर रात ही इसकी मरम्मत कर दी, लेकिन अगले दिन रायसेन रोड स्थित पटेल नगर में पीडब्ल्यूडी की सड़क में सिटी बस के पहिए धंस गए। लोगों ने इसके बीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिए, जो वायरल हो रहा है।

**पीडब्ल्यूडी की सड़क-** मौके पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस ने बस को बाहर निकलवाने में मदद की, फिर सड़क के खराब हिस्से पर बेरीकेट्स रख दिए, ताकि दोबारा कोई वाहन इसमें न फंसे। बताया जाता है कि यह पीडब्ल्यूडी की सड़क है। वहीं पीडब्ल्यूडी अधिकारियों का दावा है कि मुख्य सड़क जरूर पीडब्ल्यूडी की है, लेकिन जिस हिस्से में बस के पहिए फंसे, वह दूरी पर है।

## यात्रियों से भरी बस खाई में गिरी, 10 घायल

### ड्राइवर स्टीयरिंग में फंसा, जेसीबी की मदद से निकाला बाहर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंडला, एजेंसी।** मंडला जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। भोपाल से यात्रियों को लेकर आ रही एक बस अनियंत्रित होकर जारगी-खुर्सीपार मार्ग पर खाई में जा गिरी। हादसे में करीब 10 यात्री घायल हो गए, जबकि बस चालक बुरी तरह स्टीयरिंग में फंस गया। जिसे जेसीबी मशीन की मदद से बाहर निकाला गया।



जानकारी के अनुसार, यह निजी बस भोपाल से मंडला जा रही थी। जैसे ही बस खुर्सीपार गांव के पास पहुंची उसका संतुलन बिगड़ गया और बस सीधे खाई में जा गिरी। खाई की गहराई अधिक होने से बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। राहगीरों और ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया।

ड्राइवर की स्थिति सबसे गंभीर थी, वह स्टीयरिंग में बुरी तरह फंसा हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन ने जेसीबी मशीन बुलाकर बस का अगला हिस्सा काटा और ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद कुछ यात्रियों को छुट्टी दे दी गई है, जबकि दो गंभीर रूप से घायल यात्रियों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस के अनुसार, हादसे के पीछे तेज रफ्तार या तकनीकी खराबी, दोनों संभावनाएं हो सकती हैं। हादसे की जांच की जा रही है।

## दमोह में बड़ा सड़क हादसा, बस पलटी, एक की मौत, दर्जनभर घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह, एजेंसी।** छतरपुर जिले के हीरापुर वनोपज नाका के पास शुक्रवार शाम एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। छतरपुर से दमोह की ओर आ रही यात्री बस साठिया घाटी के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दमोह जिले के बटियागढ़ निवासी युवक दामोदर सिंह लोधी (30) की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए पास के स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया। गंभीर रूप से घायल तीन यात्रियों को देर रात दमोह जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टर दिव्यांशु अवस्थी ने उनका उपचार शुरू किया।

बताया गया कि दुर्घटना सिंग कंपनी की यात्री बस (क्रमांक MP 21 P 0786) के साठिया घाटी के पास पलटने से हुई। हादसे में शिक्षक कॉलोनी दमोह निवासी रमापति शैलेश असाटी (45) का एक हाथ कट गया, जबकि अन्य यात्री भी गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से शाहगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद कुछ को सागर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## संपादकीय

### गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल नहीं कर रहे अपनी आय का खुलासा

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स यानी एडीआर की एक रिपोर्ट आई है। इसके मुताबिक, 2022-23 में रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की घोषित आय में 223 फीसदी की भारी बढ़ोतरी हुई है। खास बात ये है कि इनमें से 73 फीसदी से ज्यादा पार्टियों ने अपनी वित्तीय जानकारी सार्वजनिक नहीं की। एडीआर ने 22 राज्यों के 739 रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियों की वार्षिक रिपोर्ट का विश्लेषण किया। ये एनालिसिस उन दलों पर किया गया जिनकी ऑडिट या चंदा रिपोर्ट 2022-23 के वित्तीय वर्ष के लिए संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (CEO) की वेबसाइटों पर उपलब्ध थी। ADR की रिपोर्ट बताती है कि कई गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल अपनी आय का खुलासा नहीं कर रहे हैं। कुल रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियों में से 73.26 फीसदी यानी 2,025 दलों की ऑडिट और योगदान रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है। इसका मतलब है कि लोगों को यह जानने में मुश्किल हो रही है कि इन दलों को पैसा कहां से मिल रहा है और वे इसे कैसे खर्च कर रहे हैं। सबसे ज्यादा रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त दल जिनकी जानकारी उपलब्ध है, वे उत्तर प्रदेश में हैं। इसके बाद दिल्ली और बिहार का नंबर आता है। वहीं, पंजाब में 73, उत्तराखंड में 40 और गोवा में 12 ऐसी पार्टियां हैं। इनमें किसी भी पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दल की ऑडिट और चंदा रिपोर्ट आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध नहीं है। रिपोर्ट में विश्लेषण किए गए 739 रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त दलों में से, केवल 501 पार्टी की ऑडिट और योगदान रिपोर्ट 20 राज्यों में उपलब्ध है। यह कुल पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों का सिर्फ 18.13 फीसदी है। गुजरात में 37.89%, बिहार में 36.41%, दिल्ली में 30%, उत्तर प्रदेश में 23.25% और तमिलनाडु में 21.74% पार्टियों ने अपनी जानकारी दी है। इन राज्यों में पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों की कुछ रिपोर्ट वेबसाइट पर हैं। गुजरात, दिल्ली और बिहार में रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियों की रिपोर्ट सार्वजनिक करने का स्तर राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। टॉप 10 पार्टियों में से 5 गुजरात की हैं। इससे पता चलता है कि गुजरात में ऐसी गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियां ज्यादा हैं जिनके पास बहुत पैसा है। गुजरात की पार्टियों ने कुल मिलाकर 1,158.1 करोड़ रुपये की इनकम दिखाई है। यह टॉप 10 पार्टियों की कुल इनकम का 70 फीसदी से ज्यादा है। सबसे ज्यादा आय भारतीय राष्ट्रीय जनता दल ने दिखाई है, जो 576.45 करोड़ रुपये है। 20,000 रुपये से ज्यादा के डोनेशन का कुल चंदे में बड़ा हिस्सा है। उदाहरण के लिए, न्यू इंडिया यूनाइटेड पार्टी ने दिखाया है कि उसे मिलने वाला 100 फीसदी चंदा बड़े डोनेशन (407.4 करोड़ रुपये) के रूप में मिला है। कई बड़ी कमाई वाली पार्टियां 2015 के बाद बनी हैं। इससे पता चलता है कि नई पार्टियां तेजी से पैसा जुटा रही हैं। इनमें सत्यवादी रक्षक पार्टी (2022), जन मन पार्टी (2021), जन सेवक क्रांति पार्टी (2021) और न्यू इंडिया यूनाइटेड पार्टी (2018) शामिल हैं। राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपनी आर्थिक जानकारी देने के मामले में रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियां मान्यता प्राप्त पार्टियों से ज्यादा पीछे नहीं हैं। ज्यादातर मामलों में, टॉप 10 रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियों की इनकम और चंदा राज्य की पार्टियों के बराबर है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए टॉप 10 रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियों द्वारा घोषित 20,000 रुपये से ज्यादा का कुल चंदा राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों से ज्यादा था।

# भूत का भय



उत्तर प्रदेश के एक पीरगढ़ गांव में अब्दुल व उसके कुछ दोस्त रहते थे। एक दिन ऐसे ही उन सभी के बीच भूत की बात छिड़ गई। इस दौरान अब्दुल ने बिना डरे कह दिया कि भूत जैसा कुछ नहीं होता। तभी सभी दोस्तों ने उससे कहा कि ऐसा है तो क्या तुम इस बात को साबित कर सकते हो कि तुम्हें भूत से डर नहीं लगता। उसने कह दिया, "हां, बिल्कुल।"

गांव में इस दौरान ऐसी बातें चल रही थीं कि पास के ही श्मशान घाट में लोगों को भूत नजर आता है। तभी एक दोस्त ने कहा कि ठीक है, तो तुम रात को श्मशान घाट जाओ और वहां जाकर कील गाड़कर आ जाना। फिर सुबह सब मिलकर उस कील को देखकर आएंगे। इतना तय होने के बाद अब्दुल श्मशान घाट के लिए निकल गया। रात काफी काली थी, क्योंकि वो दिन आमावस्या का था। रास्ते में चलते हुए अब्दुल के दिमाग में भूत की बातें घूमने लगी। उसे डर भी लग रहा था, लेकिन दोस्तों के सामने हंसी होगी ऐसा सोचकर वो आगे बढ़ता रहा और श्मशान घाट पहुंच गया।

वहां पहुंचते ही अब्दुल ने कील को गाड़ने के लिए जेब से हथौड़ी निकाली और कील को जमीन में धीरे-धीरे गाड़ने लगा। शोर ज्यादा न करने के चक्कर में अब्दुल काफी आराम से कील गाड़ रहा था। कुछ देर बाद उसे लगा कि कोई उसका कुर्ता खींच रहा है। उसका पूरा शरीर ठंडा पड़ गया और वो बेहोश होकर नीचे गिर पड़ा।

तभी अब्दुल का पीछा करते हुए श्मशान पहुंचे उसके दोस्तों ने उसे उठाया और गांव लेकर आ गए। काफी देर तक जब अब्दुल को होश नहीं आया, तो उसपर पानी के छींटे मारे। उतने में ही अब्दुल को होश आ गया और उसने बताया कि वो कील श्मशान में गाड़ चुका था, लेकिन तभी कोई उसका कुर्ता खींचने लगा, जिससे वो डर गया।


दोस्तों ने अब्दुल को बताया कि कोई उसका कुर्ता नहीं खींच रहा था। अब्दुल ने पूछा, "तो क्या हुआ था?"

तब उसके दोस्तों ने बताया कि जिस कील को जमीन में वो गाड़ रहा था उसी के नीचे कुर्ता भी दब गया था। इसी वजह से उसे लगा कि कोई उसका कुर्ता खींच रहा है। अपने डर की वजह से शर्मिंदा होते हुए अब्दुल ने अपने दोस्तों से माफी मांगी, लेकिन उसके सारे दोस्तों ने मिलकर उसकी हिम्मत की खूब तारीफ की।

**कहानी से सीख :**

आप जितना डरेंगे, आपको डर उतना डराएगा

## रंग भरो



## Uttarpradesh

# मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसा, ट्रक से टकराई कार, 6 की मौत

**मथुरा, (एजेंसी)** यूपी के यमुना एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। मथुरा जिले में थाना बलदेव के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस-वे पर माइल स्टोन 141 के समीप अनियंत्रित ईको कार पीछे से ट्रक से टकरा गई। इस घटना में कार सवार छह लोगों की मौत हो गई और दो महिला घायल हैं। मृतकों में पिता और दो पुत्र भी शामिल हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज घायल अस्पताल में भर्ती कराए हैं। वहीं यमुना एक्सप्रेसवे पर एक और सड़क हादसा हुआ है। दिल्ली से मध्य प्रदेश जा रही एक बस माइलस्टोन 131 पर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में 30



यात्री घायल हो गए है। घायल हुए आठ लोग जिला अस्पताल में हैं और नौ लोग एसएन आगरा में भर्ती कराए हैं। बाकी लोगों के ज्यादा चोट नहीं है। ईको कार चालक नोएडा से सात सवारियां लेकर एक्सप्रेस वे से आगरा की ओर जा रहा था। बलदेव क्षेत्र में एक्सप्रेस वे पर माइल स्टोन 141 के समीप अनियंत्रित कार आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस और टोल टीम ने काफी मशक्कत के बाद कार से लोगों को निकाला। इनमें छह की मौत हो गई जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि आशंका है कि कार चालक को नींद की झपकी आने से अनियंत्रित होकर कार ट्रक के पीछे जा भिड़ी।

## P. Bangal

# पश्चिम बंगाल की कोर्ट का बड़ा फैसला, 'डिजिटल अरेस्ट' केस में 9 लोगों को उम्रकैद

**कोलकाता, (एजेंसी)** पिछले एक साल से पूरे देश में साइबर क्राइम का एक नया नाम सामने आया है, डिजिटल अरेस्ट. इस तरह की धोखाधड़ी में अब तक देशभर के लोग करोड़ों रुपये गंवा चुके हैं. ऐसे ही एक मामले में पश्चिम बंगाल की एक अदालत ने पहली बार फैसला सुनाया है. अदालत ने 9 आरोपियों को दोषी ठहराकर उम्रकैद की सजा दी है. ये फैसला पश्चिम बंगाल के नदिया जिले की कल्याणी अदालत ने सुनाया. गुरुवार को सभी 9 लोगों को दोषी करार दिया गया और शुक्रवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने सजा सुना दी. विशेष लोक अभियोजक बिवास चटर्जी ने कहा कि देश में किसी डिजिटल अरेस्ट मामले में यह पहली सजा है. ट्रायल 24 फरवरी 2025 को शुरू हुआ और सिर्फ साढ़े चार महीने में पूरा हो गया. घटना के आठ महीने के अंदर ही पूरे ट्रायल की प्रक्रिया पूरी कर ली गई. यह मामला 6 नवंबर 2024 का है, जब एक बुजुर्ग व्यक्ति पार्थ कुमार मुखर्जी, जो रिटायर्ड साइंटिस्ट हैं. उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. उन्होंने बताया कि उन्हें एक वॉट्सएप कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई पुलिस का सब-इंस्पेक्टर हेमराज कोली बताया. उसने पार्थ मुखर्जी को बताया कि वो किसी आर्थिक घोटाले में आरोपी हैं और कुछ दस्तावेज भी भेजे. आरोपी ने उन्हें धमकाया कि अगर वे उसकी बात नहीं मानेंगे तो उन्हें और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. कॉल करने वाले ने उन्हें कॉल डिस्कनेक्ट न करने का आदेश दिया और 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में कुल 1 करोड़ रुपये जमा करवाए. बाद में जब कॉलर का नंबर बंद हो गया तो पार्थ कुमार को समझ आया कि वे ठगे गए हैं.

## Punjab

# फिर से आया गोल्डन टेंपल को बम से उड़ाने का ईमेल, आईटी इंजीनियर की गिरफ्तारी के बाद एक और धमकी मिली

**फरीदाबाद/अमृतसर, (एजेंसी)** हरियाणा के फरीदाबाद से सॉफ्टवेयर इंजीनियर शुभम दुबे की गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को फिर श्री हरमंदिर साहिब में आरडीएक्स बम से उड़ाने की धमकी मिली। सुरक्षा एजेंसियों ने लगातार तलाशी अभियान चलाया लेकिन कोई विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई। अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि हम जांच कर रहे हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मन्नन ने कहा कि एक व्यक्ति की गिरफ्तारी के बावजूद धमकी भरा ईमेल भेजा गया है। उन्होंने प्रशासन से इस मामले को जल्द सुलझाने का अनुरोध किया है। श्री हरमंदिर साहिब को तीन बार बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में पंजाब पुलिस ने फरीदाबाद से सॉफ्टवेयर इंजीनियर शुभम दुबे को गिरफ्तार किया है। उसके लैपटॉप, मोबाइल फोन व कुछ अन्य डिवाइस भी कब्जे में लिए हैं जिनकी जांच की जा रही है। अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जांच के दौरान पता चला कि धमकी के ईमेल तमिलनाडु के एक पूर्व नेता के नाम से

## Bihar

# चंदन मिश्रा मर्डर में बंगाल से 5 आरोपी गिरफ्तार, पटना के पारस अस्पताल में हुआ था शूटआउट

**पटना, (एजेंसी)** बिहार की राजधानी पटना के पारस अस्पताल में गुरुवार सुबह हुए शूटआउट में एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। गैंगस्टर चंदन मिश्रा हत्याकांड में पश्चिम बंगाल से 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल उनसे वहीं पर पूछताछ की जा रही है। कानूनी प्रक्रिया के बाद सभी को पटना लाया जाएगा। बताया जा रहा है कि हत्याकांड के 24 घंटे के भीतर ही पटना पुलिस और एसटीएफ ने अपराधियों को पकड़ लिया। गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार एसटीएफ और पुलिस टीम ने बंगाल में ताबड़तोड़ छापेमारी की। गिरफ्तारी की संख्या और बढ़ सकती है। इस हत्याकांड में तौसीफ बादशाह, बलवंत, अभिषेक, मोनू सिंह, नीलेश, सूर्यमान, नीशू सहित 10 शूटरों के नाम सामने आए थे। वारदात के बाद



आरोपी भागकर बंगाल पहुंच गए। उनके वहां होने की सूचना पर टीम को तुरंत फ्लाइट से भेजा गया। पुलिस के आलाधिकारी पूरी कार्रवाई पर नजर बनाए हुए थे। अब तक की जांच में सामने आया है कि गैंगस्टर शेरू सिंह ने चंदन मिश्रा की हत्या की साजिश रची थी। इसके लिए फुलवारीशरीफ के रहने वाले तौसीफ बादशाह समेत अन्य शूटरों को हायर किया गया।

## खेल

# गारफील्ड सोबर्स की सूची में शामिल होने के करीब जडेजा, चौथे टेस्ट में हासिल कर सकते हैं उपलब्धि

**मैनचेस्टर।** भारतीय टीम के अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा सर गारफील्ड सोबर्स की एलीट सूची में शामिल होने के करीब हैं और 58 रन बनाते हैं वह ये उपलब्धि अपने नाम कर लेंगे। जडेजा इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और अब तक लगातार चार अर्धशतक जड़ चुके हैं। लॉर्ड्स टेस्ट की दूसरी पारी में जडेजा अकेले डटे हुए थे और उन्होंने नाबाद 61 रनों की पारी खेली थी।



### 58 रन बनाते ही सोबर्स की कर लेंगे बराबरी

जडेजा की शानदार पारी भी भारत को जीत नहीं दिला सकी थी और टीम 22 रन से ये मुकाबला हार गई थी जिससे भारत सीरीज में 1-2 से पीछे हो गया। जडेजा अब सोबर्स की एक विशेष उपलब्धि पर पहुंचने के करीब हैं। वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर सोबर्स एकमात्र बल्लेबाज हैं जिन्होंने इंग्लैंड में छठे या इससे निचले स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए 1000 रन बनाए हैं।

सोबर्स ने इस दौरान 16 पारियों में 84.38 के औसत से 1097 रन बनाए हैं जिसमें चार शतक और पांच अर्धशतक शामिल है। दूसरे स्थान पर जडेजा हैं जिन्होंने अब तक 27 पारियों में 40.95 के औसत से 942 टेस्ट रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं। वह इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे करने और सोबर्स की एलीट सूची में शामिल होने से 58 रन दूर हैं।

### इंग्लैंड में लगातार चार पचासा लगाने वाले तीसरे भारतीय

इससे पहले, जडेजा तीसरे भारतीय बल्लेबाज बने थे जिन्होंने इंग्लैंड में लगातार चार अर्धशतक लगाए हैं। उनसे पहले सौरव गांगुली और ऋषभ पंत ऐसा कर चुके हैं। मौजूदा सीरीज में जडेजा तीन मैचों में 109 के औसत से 327 रन बना चुके हैं जिसमें चार अर्धशतक शामिल हैं। जडेजा निचले क्रम में अपनी बखूबी निभा रहे हैं। जडेजा का योगदान भारत के लिए महत्वपूर्ण रहा है। जडेजा अब 23 जुलाई से मैनचेस्टर में होने वाले चौथे टेस्ट मैच में भी इस लय को बरकरार रखने उतरेंगे।

## सिनेमा

# मशहूर तेलुगु एक्टर फिश वेंकट का निधन, पवन कल्याण और अल्लू अर्जुन जैसे स्टार्स के साथ किया काम



तेलुगु सिनेमा के मशहूर अभिनेता फिश वेंकट यानी वेंकट राजा का 18 जुलाई को निधन हो गया। फिश वेंकट के पिछले कुछ वक्त से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे और अस्पताल में आईसीयू में भर्ती थे। लेकिन वहां फिश वेंकट को बचाया नहीं जा सका और बीती रात उनकी मौत हो गई। 53 वर्षीय फिश वेंकट पिछले कई महीनों से किडनी फेल होने के कारण गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उनका डायलिसिस चल रहा था और हाल ही में उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद, उन्हें बचाया नहीं जा सका। उन्होंने हैदराबाद के एक अस्पताल में ही अंतिम सांस ली। फिश वेंकट एक मशहूर कॉमेडियन थे। उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार पर्दे पर निभाए। वो कॉमेडियन के अलावा कई फिल्मों में निगेटिव रोल में भी नजर आए। वो तेलुगु इंडस्ट्री में एक जाना-पहचाना चेहरा थे। हैदराबाद में जन्मे फिश वेंकट ने साल 2000 के दशक की शुरुआत में फिल्म 'कुशी' से तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में एंट्री की थी। उन्होंने 'आदी', 'बनी', 'अदूर', 'गब्बर सिंह' और 'डीजे टिल्लू' जैसी कई फिल्मों में शानदार अभिनय किया था। फिश वेंकट हाल ही में 'स्लम डॉग हसबैंड', 'नरकासुर' और 'कॉफी विद अ किलर' जैसी फिल्मों में नजर आए थे। उन्होंने पवन कल्याण, अल्लू अर्जुन, रवि तेजा और नागार्जुन सरीखे कई बड़े स्टार्स के साथ भी काम किया है।

## Highlights

1. Family ties up & locks 80-yr-old in car, visits Taj Mahal; locals break window to rescue him
2. Newly married couple dies by suicide in Hyderabad
3. Poll gimmick: Tej Pratap on Nitish announcing 125 free power units
4. Prada team buys 7 pairs of Kolhapuri chappals amid row over using design
5. Parents drop kids, then get bomb threat calls from school: AAP

# Identify new export opportunities, Piyush Goyal tells commerce reps in Indian missions

**NEW DELHI, (Agency).** Union commerce and industry minister Piyush Goyal has instructed commerce representatives at 74 Indian missions abroad to identify new export opportunities, address non-tariff barriers and strengthen communication with industry to boost the country's exports amid global headwinds.

"Reiterated the role of Missions in supporting trade, technology, tourism and investment promotion and called for robust reporting via Trade Connect to maximise global outreach," the minister said in a post on X after the meeting.

He emphasised the need for missions abroad to have proactive market engagement, enhanced trade intelligence and closer collaboration with Indian exporters.

In a statement, the commerce ministry said Goyal interacted with heads of the commercial wings posted in 74 Indian missions across 61



countries on Wednesday via video conference to review and strengthen India's global trade and commercial engagement strategy.

During the meeting, key Indian missions made detailed presentations on trade promotion activities, market access challenges, and sectoral insights.

The minister described the missions as the first point of contact for India's commercial and economic diplomacy, underscoring their responsibility in promoting Indian exports and facilitating stronger engagement with host countries, according to the statement.

In his address, Goyal emphasised the need for proactive trade intelligence gathering, including updates on market trends, sectoral developments, and regulatory frameworks, it said.

He asked the officials to focus on sharing innovative strategies and best practices that yielded good results in trade promotion and attracting investment into India. He asked them to concentrate on investment, trade, tourism, and technology.

The minister stressed on regular dissemination of trade advisories to identify demand-supply gaps and opportunities for Indian exporters.

# RIL Q1FY26 results: Profit up 78% at ₹26,994 crore, revenue rises 6%

**NEW DELHI, (Agency).** Reliance Industries Ltd (RIL) on Friday reported a consolidated net profit of ₹26,994 crore for the quarter ended June 2025 (Q1) of the financial year 2026 (FY26), marking a sharp 78.3 per cent rise from ₹15,138 crore in the same period last year. Sequentially, profit grew 39.1 per cent from ₹19,407 crore in Q4 FY25.

Consolidated revenue from operations for the conglomerate stood at ₹2,73,252 crore for the quarter. This was 6 per cent up compared to ₹2,57,823 crore year-on-year (Y-o-Y).

Mukesh Ambani, Chairman and Managing Director, Reliance Industries Limited, said, "Reliance



has begun FY26 with a robust, all-round operational and financial performance. Consolidated EBITDA for 1Q FY26 improved strongly from a year-ago period, despite significant volatility in global macros".

"During the quarter, energy markets encountered heightened uncertainty, with sharp fluctuations in crude prices... Performance was supported by improvement in fuel and downstream product margins. Natural decline in KGD6 gas production resulted in marginally lower EBITDA for Oil & Gas segment," Ambani said.

He added that the company's retail business' registered customer base expanded to 358 million, and that it was focusing on strengthening its portfolio of own FMCG brands.

"...Jio has scaled newer heights during the quarter including crossing 200 million 5G subscribers and 20 million home connects. Jio AirFiber is now the largest FWA service provider in the world, with a base of 7.4 million subscribers," he said, referring to the company's Jio network.

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.

WHO AM I?
I AM THE DETECTIVE !
Helping Secretly & Securely...



WWW.DETECTIVEGROUP.IN

Visit our website & Submit your Query...
Team will contact you within 24 hrs...

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक